askIITians
ENGINEERING | MEDICAL | FOUNDATION

C.B.S.E Board

कक्षा : 10

हिंदी B - 2017

संकलित परीक्षा II

[Summative Assessment II]

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 90**

निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग, और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

खण्ड क

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांशको ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×6=12

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। इसके आगे समस्याएँ बौनी हैं। लेकिन समस्या एक प्रतिभा को ख़ुद दूसरी प्रतिभा से होती है। बहुमुखी प्रतिभा का होना, अपने भीतर एक प्रतिभा के बजाय दूसरी प्रतिभा को खड़ा करना है। इससे हमारा नुकसान होता है। कितना और कैसे?

मन की दुनिया की एक विशेषज्ञ कहती हैं कि बहुमुखी होना आसान है, बजाय एक ख़ास विषय के विशेषज्ञ होने की तुलना में। बहुमुखी लोग स्पर्द्धा होने से घबराते हैं। कई विषयों पर उनकी पकड़ इसलिए होती है कि वे एक में स्पर्द्धा होने पर दूसरे की ओर भागते हैं। बहुमुखी लोगों में सबसे महान् माने जाने वाले माइकल एंजेलो से लेकर अपने यहाँ रवींद्रनाथ टैगोर जैसे कई लोग। लेकिन आज ऐसे लोगों की पूछ-परख कम होती है। ऐसे लोग प्रतिभाशाली आज भी माने जाते हैं, लेकिन असफल होने की आशंका उनके लिए अधिक होती है। आज वे लोग 'विंची सिंड्रोम' से पीड़ित माने

जाते हैं, जिनकी पकड़ दो-तीन या इससे ज़्यादा क्षेत्रों में हो, लेकिन हर क्षेत्र में उनसे बेहतर उम्मीद्वार मौजूद हों।

बहुमुखी प्रतिभा वाले लोगों के भीतर कई कामों को साकार करने की इच्छा बहुत तीव्र होती है। उनकी उत्सुकता उन्हें एक दूसरे क्षेत्र में हाथ आज़माने को बाध्य करती है। समस्या तब होती है, जब यह हाथ आज़माना दख़ल करने जैसा हो जाता है। वे न इधर के रह जाते हैं, और न उधर के। प्रबंधन की दुनिया में - 'एक के साधे सब सधे, सब साधे सब जाए' का मंत्र ही शुरू से प्रभावी है। यहाँ उस पर ज़्यादा फोकस नहीं किया जाता, जो सारे अंडे एक टोकरी में न रखने की बात करना है। हम दूसरे क्षेत्रों में हाथ आज़मा सकते हैं, पर एक क्षेत्र के महारथी होने में ब्रेकर की भूमिका न अदा करें।

(क) बहुमुखी प्रतिभा क्या है? प्रतिभा से समस्या कब, कैसे हो जाती है?

(ख) बहुमुखी प्रतिभा वालों की किन कमियों की ओर संकेत है?

(ग) बहुमुखी प्रतिभागियों की पकड़ किन क्षेत्रों में होती है और उनकी असफलता की संभावना क्यों है?

(घ) ऐसे लोगों का स्वभाव कैसा होता है और वे प्राय: सफल क्यों नहीं हो पाते?

(ङ) प्रबंधन के क्षेत्र में कैसे लोगों आवश्यकता होती है? क्यों?

(च) आशय स्पष्ट कीजिए :

"प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती।"

askIITians

askIITians
ENGINEERING | MEDICAL | FOUNDATION

प्र. 2. निम्लिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×4=8

भारतमाता
ग्राम-वासिनी !
खेतों में फैला है श्यामल
धूल भरा मैला-सा अंचल
गंगा-यमुना में आँसू-जल
मिट्टी की प्रतिमा
उदासिनी !
दैन्य-जड़ित, अपलक नत चितवन,
अधरों में चिर नीरव रोदन,
युग-युग के तम से, विषण्ण मन,
वह अपने घर में
प्रवासिनी !
तीस कोटि सन्तान नग्न तन
अर्ध-क्षिधित, शोषित, निरस्त्र जन
मूढ़, असभ्य, अशिक्षित, निर्धन,
नत मस्तक: तरु-तल
निवासिनी !

(क) भारतमाता को ग्राम-वासिनी क्यों कहा गया है?
(ख) काव्यांश में प्रवासिनी किसके लिए आया है और क्यों?
(ग) भारतमाता की संतान के बारे में कवि ने क्या कहा है?
(घ) काव्यांश का केंद्रीय भाव लिखिए।

askIITians

खण्ड ख

प्र 3. पद किसे कहते हैं? उदहारण देकर स्पष्ट कीजिए। 1 + 1 = 2

प्र 4. निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण परिवर्तन कीजिये : 1 X 3 = 3

(क) कर्म करने वाले को फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए।
(मिश्र वाक्य में)

(ख) जो विद्वान और सत्यवादी है उनका सर्वत्र सम्मान होता है।
(सरल वाक्य में)

(ग) आकाश में बादल छाते ही घनघोर वर्षा होने लगी।
(संयुक्त वाक्य में)

प्र 5. (क) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) महाजन

(ii) जलप्रदूषण

(ख) निम्नलिखित शब्दों को समस्त-पद बनाकर समास का नाम लिखिए : 1 +1 = 2

(i) नीला है जो गगन

(ii) आस और पास

प्र 6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 1 x 4 =4

(क) यहाँ पर कल एक लड़का और लड़की बैठी थी।

(ख) मुझे केवल मात्र अपना अधिकार चाहिए।

(ग) इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम अच्छी है।

(घ) मास्टर जी ने उसकी बड़ी प्रशंसा करी।

प्र 7. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 1+1 = 2

बाट जोहना, सुध-बुध खोना

प्र 8. निम्लिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+1=5

असल में दोनों काल मिथ्या हैं। एक चल गया है, दूसरा आया नहीं है। हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है। उसी में जीना चाहिए। चाय पीते-पीते उस दिन मेरे दिमाग़ से भूत और भविष्य दोनों काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था। और वह अनंत काल जितना विस्तृत था।

(क) गद्यांश में किन दो कालों के बारे में बात की गई है और उनकी क्या विशेषता है?

(ख) लेखक ने किस काल को सत्य माना है और क्यों?

(ग) गद्यांश से लेखक क्या समझाना चाहता है?

प्र. 9. जापान में मानसिक रोग के क्या कारण बताए गए हैं? उससे होने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए लिखिए कि इसमें 'टी सेरेमनी' की क्या उपयोगिता है। 5

प्र. 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है? 'पतझर में टूटी पतियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'कारतूस' पाठ में सआदत अली को किस प्रकार का व्यक्ति बताया गया है?

askIITians

प्र. 11. (क) सच्चे मन में 'ईश्वर बसते हैं' इस भाव के संदर्भ में बिहारी के दोहे का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है? 2

(ग) 'आत्मत्राण' कविता में कोई सहायक न मिलने पर कवि की क्या प्रार्थना है? 1

प्र. 12. 'कर चले हम फ़िदा' - कविता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए उसका प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए। 5

प्र. 13. पढ़ाई में तेज़ होने पर भी कक्षा में दो बार फेल हो जाने पर टोपी के साथ घर पर या विद्यालय में जो व्यवहार हुवा उस पर मानवीय-मूल्यों की दृष्टी से टिप्पणी कीजिए। 5

खण्ड घ

प्र. 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

(क) पुस्तकें पढ़ने की आदत

- पढ़ने की घटती प्रवृति
- कारण और हानि
- पढ़ने की आदत से लाभ

(ख) कम्पूटर हमारा मित्र

- क्या है
- विद्यार्थियों के लिए उपयोग
- सुझाव

(ग) स्वास्थ की रक्षा

- आवश्यकता
- पोषक भोजन
- लाभकारी सुझाव

प्र. 15. विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रात:काल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए। 5

प्र. 16. विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों व्दारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए। 5

प्र. 17. ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बारे में अपने मित्र से हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

प्र. 18. विद्यालय के 'रंगायन' द्वारा प्रस्तुत नाटक के बारे में नाम, पात्र, दिन, समय, टिकट-दर आदि की सूचना देते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 25 शब्दों में लिखिए। 5

askIITians